**शीर्ष प्राथमिकता / समयबद्ध**

**संख्या–3111 / सत्तर–3–2021–08(20)/2020**

**प्रेषक,**

**शमीम अहमद खान,**
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

OFFICE OF THE VICE-CHANCELLOR LUCKNOW UNIVERSITY 29 DEC 2021 567

कुल सचिव का कार्यालय प्राप्ति संख्या 654 तिथि 30/12/21 लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ–226007

**सेवा में,**

1. निदेशक,
उच्च शिक्षा, उ0प्र0,
प्रयागराज।

2. कुलसचिव,
समस्त राज्य / निजी विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

**उच्च शिक्षा अनुभाग–3** **लखनऊः दिनॉक 28 दिसम्बर, 2021**

विषयः–कोरोना संक्रमण के सम्बन्ध में सतर्कता बरतने हेतु दिशा–निर्देश।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कोरोना संक्रमण के प्रभावी नियंत्रण एवं रोकथाम के दृष्टिगत गृह गोपन अनुभाग–3 के पत्र संख्या–2141/2021–सीएक्स–3, दिनांक 24 दिसम्बर, 2021 (छायाप्रति संलग्न) का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि विश्वविद्यालयों / महाविद्यालयों में कोरोना संक्रमण के सम्बन्ध में विशेष सतर्कता बरतने हेतु निम्नानुसार निर्णय लिया गया है :–

(1) विश्वविद्यालय / महाविद्यालय में समस्त सामाजिक / शैक्षिक / खेल / मनोरंजन / सांस्कृतिक एवं अन्य सामाजिक गतिविधियों को निम्न प्रतिबन्धों के अनुसार संचालित की जाएगी :–

(i) बन्द स्थानों में एक समय में अधिकतम 200 से अनधिक व्यक्तियों को मास्क की अनिवार्यता, दो गज की दूरी, सेनेटाइजर का उपयोग एवं कोविड–19 प्रोटोकाल के अनुसार अन्य सावधानियों के साथ अनुमति होगी। कोविड हेल्पडेस्क की स्थापना प्रवेश द्वार पर की जायेगी।

(ii) खुले स्थानों पर एक समय में ग्राउण्ड की क्षमता के 50 प्रतिशत तक व्यक्तियों को मास्क की अनिवार्यता, दो गज की दूरी, सेनेटाइजर का उपयोग एवं कोविड–19 प्रोटोकाल के अनुसार अन्य सावधानियों के साथ अनुमति होगी। कोविड हेल्पडेस्क की स्थापना प्रवेश द्वार पर की जायेगी।

(iii) आयोजन / समारोह स्थलों पर आमंत्रित अतिथियों के बैठने की व्यवस्था में दो गज की दूरी के प्रोटोकाल का पूर्णतः पालन किया जायेगा।

(iv) सभी आयोजक ऐसे कार्यक्रमों की सूचना अनिवार्य रूप से जिला प्रशासन एवं पुलिस को लिखित रूप से उपलब्ध करायेंगे। सभी आयोजकों की यह जिम्मेदारी होगी कि ऐसे कार्यक्रम में वह कोविड प्रोटोकाल का अनुपालन भी सुनिश्चित करायें।

(2) विश्वविद्यालय / महाविद्यालय तथा शिक्षण संस्थानों के कुलसचिव / प्रबन्धक एवं प्राचार्य विश्वविद्यालय / महाविद्यालय में छात्रों में मास्क की अनिवार्यता, सोशल डिस्टेन्सिंग के साथ–साथ सेनेटाइजर की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी।

कृपया उपरोक्त दिशा–निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

**संलग्नक–यथोक्त।**

भवदीय,

**( शमीम अहमद खान )**
सचिव।

Registrar

AR(G.A.) / I/c Website
Pl. notify

प्रभारी (GA)
31/12/2021

Reg
31.12.21

30/12/21

**संख्या–3111 (1)/सत्तर–3–2021, तद्‌दिनांकः**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– कुलपति, राज्य विश्वविद्यालय/निजी विश्वविद्यालय, उ0प्र0।

2– समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।

3– समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0।

4– गार्ड फाइल।

आज्ञा से

( अब्दुल समद )

विशेष सचिव।

संख्या–GA/34-60 दिनांक–01/01/2022.

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–3, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या–3111/सत्तर–3–2021–08(20)/2020 दिनांक 28 दिसम्बर, 2021 कम में सूचनार्थ प्रेषित।
3. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक/इंचार्ज।
4. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, सहयुक्त लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
5. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण ल0वि0वि0।
6. वित्त अधिकारी, ल0वि0वि0।
7. निदेशक, विधिक प्रकोष्ठ, ल0वि0वि0।.
8. अधीक्षक, निर्माण विभाग, ल0वि0वि0।
9. मुख्य अभिरक्षक, ल0वि0वि0।
10. समस्त अभिरक्षक, ल0वि0वि0।
11. निदेशक, आई0पी0पी0आर0 ल0वि0वि0।
12. निदेशक द्वितीय परिसर ल0वि0वि0।
13. इंचार्ज, अभियांत्रिकी संकाय, ल0वि0वि0।
14. परीक्षा नियंत्रक, ल0वि0वि0।
15. ओ0एस0डी0,आई0एम0एस0, ल0वि0वि0।
16. पुस्तकालयाध्यक्ष, सी0एल0एल0/टैगोर पुस्तकालय, ल0वि0वि0।
17. समस्त उपकुलसचिव/सहायक कुलसचिव ल0वि.0वि0
18. इंचार्ज, वेबसाइड को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना समस्त को ई–मेल के माध्यम से प्रेषित करने एवं विश्वविद्यालय की वेबसाइड पर प्रदर्शित करने का कष्ट करें।

कुलसचिव

Nikhil G.O

31.12.21

31/12/21 (AR)

Scanned by CamScanner